राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

# स्व. वाजपेई जयंती पर राज्यपाल श्री मिश्र ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

जयपुर, 25 दिसंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जयंती पर उनकी छवि पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई राजनीति में शुचिता से जुड़े आदर्श मूल्यों के संवाहक थे। उनका पूरा जीवन भारतीय संस्कृति और उदात्त जीवन मूल्यों के साथ सुशासन के लिए समर्पित रहा। उन्होंने स्व. वाजपेई जी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

------

